सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेसनोट दिनांक 19.12.2024

चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 02 शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से चोरी किये गये 02 पीतल के घण्टे व 5,000 रूपये किये गये बरामद

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना चकरनगर पुलिस द्वारा गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 10.12.2024 को वादी मनोज कुमार मिश्रा पुत्र ओंकारनाथ मिश्रा निवासी ग्राम मानपुरा थाना चकरनगर जनपद इटावा हाल पता राजपुर रोड कस्बा व थाना चकरनगर जनपद इटावा द्वारा थाना चकरनगर पर तहरीरी सूचना दी गयी कि दिनांक 10.12.2024 की रात्रि में मानपुरा गाँव के बाहर स्थित काली माता मन्दिर से अज्ञात चोरो द्वारा मन्दिर में लगे पीतल के घण्टे चोरी कर लिये गये तथा मन्दिर के बाहर लगा दान पात्र (लोहे का) तोड़ दिया,

सूचना पर तत्काल थाना चकरनगर पर **मु0अ0सं0 103/2024 धारा 305(D)/331(4) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 19.12.2024 को थाना चकरनगर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम मानपुरा में स्थित मन्दिर पर हुई चोरी से सम्बन्धित अभियुक्तगण चोरी का माल लिये छिबरौली मोड के पास कही जाने की फिराक मे खडे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना चकरनगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त गुल्फाम पुत्र सुल्तान व 01 बाल अपचारी को छिबरौली मोड के पास समय 06.20 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछः-

गिरफ्तार अभियुक्त व बाल अपचारी की पुलिस टीम द्वारा नाम- पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 02 पीतल के घण्टे व 5,000 रूपये बरामद किये गये। बरामद पीतल के घण्टे व रुपयों के सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा दिनांक 10.12.2024 की रात्रि में मानपुरा गाँव के बाहर स्थित काली माता मन्दिर से पीतल के घण्टे चोरी की करने तथा दिनांक 12.12.2024 को अंकित बाबू पुत्र अभिलाख चन्द्र सविता निवासी ग्राम गौहानी थाना चकरनगर जनपद इटावा के घर से रूपये चोरी करने की घटना को कारित करना स्वीकार किया गया।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चकरनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 103/2024 धारा 305(D)/331(4) बीएनएस व मु0अ0सं0 106/2024 धारा 305 (A) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण

1. गुल्फाम पुत्र सुल्तान निवासी ग्राम गौहानी थाना चकरनगर जनपद इटावा **उम्र करीब 46 वर्ष ।**

2. 01 बाल अपचारी ।

पंजीकृत अभियोग

1. मु0अ0सं0 103/2024 धारा 305(D)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना चकरनगर जनपद इटावा ।

2. मु0अ0सं0 106/2024 धारा 305 (A)/317(2) बीएनएस थाना चकरनगर जनपद इटावा ।

बरामदगी

1. 02 पीतल के घण्टे (एक बडा जिसका वजन 2.6 किग्रा व एक छोटा जिसका वजन 1.8 किग्रा)

2. 5,000/- रुपये ।

पुलिस टीमः-

निरीक्षक श्री राजेन्द्र विक्रम सिंह प्रभारी थाना चकरनगर जनपद इटावा, उ0नि0 श्री घनश्याम सिंह, का0 विपिन कुमार, का0 अनिल कुमार मय टीम।